# चलो चले मन गुरु की शरण में भजन लिरिक्स

चलो चले मन,
गुरु की शरण में,
बिगड़ी बनेगी तेरी,
गुरु के चरण में।bd।

---

गुरु की महिमा बहुत बड़ी है,
गुरु ही मार्ग दिखाते हैं,
सूना दीपक जीवन होता,
गुरु ही उसे जलाते हैं,
अंधकार है बिना गुरु के,
ज्योति जगे नहीं मन में,
चलो चलें मन,
गुरु की शरण में,
बिगड़ी बनेगी तेरी,
गुरु के चरण में।bd।

---

गुरु की कृपा से जीवन बगिया,
फूलों सी खिल जाती है,
सारे जगत को जिसकी सुगंध,
मैहर मैहर महकाती है,
पावन पावन जीवन होता,
पावनता हो मन में,
चलो चलें मन,
गुरु की शरण में,
बिगड़ी बनेगी तेरी,
गुरु के चरण में।bd।

---

ॐ गुरु देव पावन मंत्र है,
श्रद्धा से भज ले प्राणी,
दया करेंगे गुरुवर हमारे,
मिटेगी आनी जानी,
जिसके हृदय में विश्वतप गुरु,
खुशियां हो जीवन में,
चलो चलें मन,
गुरु की शरण में,
बिगड़ी बनेगी तेरी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चलो चले मन,
गुरु की शरण में,
बिगड़ी बनेगी तेरी,
गुरु के चरण में।bd।

स्वर – सोना जाधव।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com